मेरे जीवन में बाबा जैसा भी समय आए

मेरे जीवन में बाबा,
जैसा भी समय आए,
इतनी किरपा करना,
मेरी लाज नहीं जाए,
मेरे जीवन मे बाबा।bd।

धन दौलत और माया,
लूट जाए तो क्या है,
मिट्टी की ये काया,
मिट जाए तो क्या है,
महलों में रहे हम या,
रूखी सुखी खाएं,
इतनी किरपा करना,
मेरी लाज नहीं जाए,
मेरे जीवन मे बाबा।bd।

सुख दु:ख के पहियों पर,
जीवन ये चलता है,
कर्मो का फल सबको,
सहना ही पड़ता है,
जीवन में भले मेरे,
कितने भी दु:ख आएं,
इतनी किरपा करना,
मेरी लाज नहीं जाए,
मेरे जीवन मे बाबा।bd।

कोई उंगली उठे मुझ पर,
वो कर्म ना करवाना,
जो तुमसे मिलवाए,
उस राह पे चलवाना,
चाहे मेरे पावों में,
कांटे ही चुभ जाए,
इतनी किरपा करना,
मेरी लाज नहीं जाए,
मेरे जीवन मे बाबा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मैं तेरी शरण में हूँ,
विश्वास है ये मन में,
वो दिन ना आएगा,
कभी मेरे जीवन में,
'सोनू' कहीं ओर मेरी,
ये नज़रें झुक जाए,
इतनी किरपा करना,
मेरी लाज नहीं जाए,
मेरे जीवन मे बाबा।bd।

मेरे जीवन में बाबा,
जैसा भी समय आए,
इतनी किरपा करना,
मेरी लाज नहीं जाए,
मेरे जीवन मे बाबा।bd।

Singer – Raju Mehra Ji

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com